भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1169
उत्तर देने की तारीख : 23 मार्च, 2012

व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालयों को बंद किया जाना

1169. **श्री रामचन्द्र प्रसाद सिंह:**
श्री रवि शंकर प्रसाद:

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गत वर्षों में देश में 3,900 व्यवसाय प्रबंधन पाठयक्रम कराने वाले महाविद्यालय स्थापित किये गये थे जिनमें 3.5 लाख विद्यार्थियों को पढ़ाने की व्यवस्था थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या यह भी सच है कि अभी तक ऐसे 65 महाविद्यालयों को बंद करने का निर्णय लिया जा चुका है;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं और इन महाविद्यालयों की किस-किस राज्य में कितनी-कितनी संख्या है; और

(घ) इन महाविद्यालयों को बंद किए जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ0 डी. पुरंदेश्वरी)

(क): देश में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित 3644 प्रबंध संस्थाएं हैं।

(ख) से (घ): कुछ प्रबंध संस्थाओं ने अनेक कारणों से इस कार्यक्रम को बंद करने के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद को आवेदन किया है। इन संस्थाओं में दाखिले की संख्या में कमी होना इन कारणों में से एक है। इन संस्थाओं की राज्य-वार संख्या इस प्रकार है:

(i) आंध्र प्रदेश-36 (ii) छत्तीसगढ़-5 (iii) गुजरात-7 (iv) हरियाणा-7 (v) हिमाचल प्रदेश-1 (vi) कर्नाटक-6 (vii) मध्य प्रदेश-8 (viii) महाराष्ट्र-14 (ix) पंजाब-4 (x) राजस्थान-25 (xi) तमिलनाडु-2 (xii) उत्तर प्रदेश-18 (xiii) उत्तराखंड-1